# कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स में विशेष सत्र

**कोलकाता**. कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स ने गुरुवार को 'भारतीय अर्थव्यवस्था और नीतियां : अमृत काल के लिए एजेंडा' विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया, जिसमें कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अंशकालिक सदस्य नीलेश शाह और एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंजेज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआइ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए विनोद कुमार गोयल सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहे. सत्र की शुरुआत कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हरिशंकर हलवासिया के स्वागत भाषण से हुई. मौके पर नीलेश शाह ने कहा कि अमृतकाल के दौर में भारत की आर्थिक यात्रा उल्लेखनीय प्रगति और लगातार चुनौतियों की कहानी है. हमारे सकल घरेलू उत्पाद में योगदान काफी बढ़ गया है.